तापमान
अधिकतम 27.5 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

12 खत्म हो रही केंद्रीय मंत्री की तल्खी, मांगों पर भी सकारात्मक जवाब



12 भगवान श्री कृष्ण ने सृष्टि और मानव के कल्याण के लिए दिया गीता का ज्ञानः डा. धर्मवीर



# स्वास्थ्य मंत्री अचानक पहुंचीं पीएचसी, बेपरवाह कर्मियों को फटकारा, सीएमओ मौके पर ही तलब

## *सीएमओ से खामियों को लेकर मांगी रिपोर्ट, जल्द सीएचसी बनाने का दिया आश्वासन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा

धारूहेड़ा पीएचसी में वीरवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव बिना किसी पूर्व सूचना के वहां पहुंच गई। पीएचसी में खामियों को देखकर पहले आरती ने वहां मौजूद कर्मियों को फटकार लगाई। इसके बाद सीएमओ को मौके पर बुलाकर कर्मियों की रिपोर्ट शाम तक तैयार करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने पीएचसी को अस्पताल का दर्जा देने की मांग पर इसे अपग्रेड करते हुए जल्द सीएचसी बनाने का आश्वासन दिया। अस्पताल के अनुपस्थित स्टाफ के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश मंत्री ने जारी कर दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली और सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा भी इस मौके पर उनके साथ मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री का वीरवार को गांवों में चाय पर चर्चा का प्रोग्राम था, परंतु सुबह के समय वह अचानक धारूहेड़ा पीएचसी पहुंच गई। वहां पहुंचते ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर सफाई व्यवस्था तक का जायजा लिया। खामियां मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया को तुरंत पीएचसी पहुंचने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ पीएचसी पहुंच गए। आरती सिंह राव सीएमओ के पहुंचने तक वहीं रुकी रहीं। उन्होंने सीएमओ को शाम तक पीएचसी में ही बैठकर वहां आ रही समस्याओं की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। आरती ने पीएचसी में तैनात डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टाफ तक से एक-एक करके बातचीत की। पीएचसी की खामियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएचसी में जल्द ही स्टाफ और दवाओं की कमी को दूर कराया जाएगा। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने की दिशा में कार्य कर रही है। डॉक्टरों से लेकर दूसरे स्टाफ तक के खाली पदों को भरा जा रहा है। इस पीएचसी में भी रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति जल्द की जाएगी। इस मौके पर आरती ने पीएचसी में आए मरीजों से भी बातचीत की। कस्बे के प्रबुद्ध नागरिक जेपी यादव ने डिलीवरी हट में किसी तरह की सुविधा नहीं होने से भी आरती राव को अवगत कराया। आरती ने आश्वासन दिया कि डिलीवरी हट में भी जल्द बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### पीएचसी में मिली अनियमितताओं की भरमार



**स्वास्थ्यकर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए आरती राव**

### चेयरमैन ने सौंपा मंत्री को मांग पत्र

नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव को मांग पत्र सौंपा, जिसमें प्रमुख मांग पीएचसी को सामान्य अस्पताल बनाने की रही। मांग पत्र में बताया गया कि दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर होने के कारण कस्बे में अस्पताल निर्माण की मांग लंबे समय से चली आ रही है। नगर पालिका सरकार को अस्पताल के लिए जमीन देने के लिए तैयार है, इसलिए पीएचसी को अस्पताल का दर्जा दिया जाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि फिलहाल पीएचसी को सीएचसी में कन्वर्ट कराया जाएगा। इसके बाद अस्पताल निर्माण की मांग पर भी विचार होगा।



रेवाड़ी। पीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों से बात करती आरती राव। फोटो : हरिभूमि

### *स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर प्रतिबद्ध*

*आरती राव ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके तहत स्वास्थ्य ढांचे में बेहतर बदलाव किए जा रहे हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी जल्द दूर करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में ग्रुप ए से लेकर डी तक के रिक्त पदों को जल्द भरने की दिशा में काम चल रहा है। सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी को दूर किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके बाद आरती राव ने राकेश जोनियावास व मनोज कुमार के घर पर जलपान भी किया।*

### डॉक्टर ने बताई मंत्री को मजबूरी



पीएचसी की दुर्दशा को लेकर जब मंत्री ने वहां मौजूद डा. अभिषेक रोहिल्ला से बात की तो उन्होंने बताया कि तो उन्होंने बताया कि उनकी पीएचसी में ड्यूटी सोमवार से वीरवार चार दिन रहती है। इस दौरान उन्हें कोर्ट में तारीख से लेकर मीटिंगों में शामिल होना पड़ता है। पर्याप्त समय नहीं मिलने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि पीएसची में रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति जल्द की जाएगी, ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हाइवे पर हुए हादसे के बाद 11 अक्टूबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने यूपी के हमीदपुर निवासी असरद को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बुड़ानी में मारपीट के दो आरोपी पकड़े

**धारूहेड़ा।** बुड़ानी गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 18 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब शिवसुंदर व सचिन को गिरफ्तार किया गया है। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अमानत में खयानत का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने अमानत में खयानत करने के मामले में एक आरोपी को सात साल बाद गिरफ्तार किया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पलवल जिले के जलालपुर निवासी सहजाद के खिलाफ 31 नवंबर 2018 को अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी सहजाद को करीब सात साल बाद काबू कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट करने के बाद घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ 27 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में झज्जर के माछरौली निवासी विशाल, रोझूवास निवासी धीरपाल व झज्जर के तुंबाहेड़ी निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**बावल।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष पुलिस को दर्ज शिकायत में बावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इससे पूर्व पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराने के प्रयास भी किए थे, लेकिन समझौता नहीं हुआ। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने दिल्ली के नजफगढ़ निवासी विजय को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद रिहा कर दिया गया।

### गैर इरादतन हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत वर्ष 23 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में डहीना निवासी सचिन और जीतू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को वीरवार को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

# पुलिस ने 247 स्कूल बसों को जांचा, 44 के चालान



रेवाड़ी। स्कूल बस के ड्राइवर की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

- एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला पुलिस ने 3 नवंबर से 10 नवंबर तक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने जिले में चल रही 247 स्कूल बसों की सुरक्षा मापदंडों के अनुसार जांच की। पुलिस ने बसों में फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, फिटनेस सर्टिफिकेट व ड्राइवर के सत्यापित दस्तावेज जैसी आवश्यक जरूरतों की जांच की। जांच के दौरान 44 बसों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, जिनका मौके पर हर चालान किया गया। यह कार्रवाई डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार नेतृत्व में एसएचओ ट्रैफिक निरीक्षक ताराचंद व सभी थाना प्रभारियों की ओर से की गई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्कूल बस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम समय-समय पर ऐसे निरीक्षण जारी रखेंगे ताकि स्कूल प्रबंधन व चालक सुरक्षा नियमों का पालन करें। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से भी अपील की है कि वे अपने वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों की पालन करें।

# फिर एक्टिव हुआ मच्छर का डंक, डेंगू मरीजों की संख्या 290 पहुंची

- वीरवार को 3 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की गई
- 12 नवंबर को डेंगू का एक पॉजिटिव मरीज मिला था
- नवंबर माह में अब तक डेंगू के 13 मरीज मिल चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

तापमान में चल रहे उतार-चढ़ाव के कारण नवंबर माह में सर्दी का असर कम दिख रहा है। एक बार फिर से डेंगू का मच्छर एडीज के एक्टिव होने से वीरवार को 3 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की गई है। इससे पहले 12 नवंबर को डेंगू का एक पॉजिटिव मरीज मिला था। नवंबर माह में अब तक डेंगू के 13 मरीज मिल चुके है, जिससे सीजन में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 290 पर पहुंच गया है। गत वर्ष 2024 में 13 नवंबर तक डेंगू मरीजों की संख्या 304 पर पहुंच गई थी। अभी तक 220 डेंगू केसों की पुष्टि प्राइवेट लैबों व 70 डेंगू के मामलों की पुष्टि सरकारी लैब से की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब तक घरों में लार्वा मिलने पर 3807 लोगों को नोटिस भी दे चुकी है। एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 2108259 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है।



रेवाड़ी। पशु खेल में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, लार्वा मिलने पर खेल से पानी को खाली करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, लार्वा मिलने पर नोटिस देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### घरों के आसपास पानी न जमा होने दें

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए आमजन अपने घरों में पानी की टंकी, फ्रिज-ट्रे, गमले व पशुओं की खेल की साफ-सफाई रखें। घरों के आसपास पानी न जमा होने दे। उन्होंने बताया कि सीजन में अभी तक डेंगू के 290 केस व मलेरिया के 14 केस मिल चुके है। जिले में अभी तक शहर में 126, बावल सीएचसी में 55, मीरपुर सीएचसी में 29, खोल सीएचसी में 51, गुरावड़ा सीएचसी में 15 व नाहड़ सीएचसी में 14 डेंगू पॉजिटिव मरीज चुके है। अब तक डेंगू संभावित 4320 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है।

# सरसों के लिए मौसम अनुकूल, खेतों में छाने लगी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवंबर के पहले पखवाड़े में ही ठंड का असर बढ़ना सरसों की फसल के लिए वरदान साबित हो रहा है। दिन-रात के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं, जिससे रबी फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है। इस समय किसानों को बारिश का इंतजार है, लेकिन लगभग एक सप्ताह तक इसकी कोई संभावना नहीं है। प्रदूषण के स्तर में भी सुधार दर्ज किया गया है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। अधितम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 27.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि हवा में नमी का स्तर 54 प्रतिशत तक रहा। गत वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर माह में दिन और रात का तापमान कम चल रहा है, जिससे ठंड ने समय से पहले दस्तक दी है। गत वर्ष 13 नवंबर को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री और न्यूनतम 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस समय मौसम रबी फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। सरसों की फसल का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे खाली नजर आने वाले खेतों में हरियाली दिखाई देने लगी है। सरसों की अगेती फसल को इस समय सिंचाई की जरूरत है।



शहर में छिड़काव करते हुए एंटी स्मॉग मशीन, एक खेत में निकली सरसों की पौध। फोटो : हरिभूमि

### *एक्यूआई में होने लगा सुधार*

ठंड के साथ प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है। इसके 400 के आसपास पहुंचने के बाद प्रशासन की ओर से व्यापक प्रयास शुरू किए गए, जिससे वीरवार को एक्यूआई कम होकर 300 से भी नीचे आ गया। नगर परिषद ने शहर में सुबह के समय सड़कों पर कृत्रिम बारिश की तरह पानी का छिड़काव कराया। धारूहेड़ा नगर पालिका ने भी धूल उड़ाने वाली सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया। ग्रेप-3 की पाबंदियों को भी सख्ती से लागू कराया जा रहा है, ताकि प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके।



रेवाड़ी। राज स्कूल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### राजियंस ने यूनिवर्सिटी के वार्षिक उत्सव में मनवाया प्रतिभा का लोहा

**रेवाड़ी।** गुरुग्राम की केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का फ्लैगशिप वार्षिक उत्सव नवाचार, शिक्षा, हैंड्स-ऑन पेडागॉजी और सांस्कृतिक जीवंतता का प्रदर्शन करते हुए संपन्न हुआ। मेगा फेस्ट में एनसीआर स्कूलों, पैन-इंडिया विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स सहित पूरे भारत से 18000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे नाटक, रीलबाज, ऑन द स्पॉट एक्ट, नृत्य भाषण और रंगोली में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और जीत हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय ने छात्र आर्यन, आरव, कात्यायनी, तोपेश, तमन्ना और नैंशिका को सम्मान पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेन्द्र सैनी व हेमंत सैनी तथा प्राचार्य कुलदीप कुमार ने सभी विद्यार्थियों को जीत पर बधाई दी।

### जीवली बाजार में अवैध रैंप व मॉडल टाउन में ग्रीन बेल्ट से कब्जे हटाने के निर्देश

**रेवाड़ी।** एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि आमजन की शिकायतों के निवारण में समाधान शिविर पूर्ण रूप से सहयोगी बन रहे हैं। एडीसी मोदी ने वीरवार को सीटीएम जितेंद्र कुमार के साथ लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया। आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब है। यदि प्रशासन नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। समाधान शिविर में जीवली बाजार की शिकायत पर नगर परिषद के अधिकारियों को अवैध ढंग से बनाए रैंप को हटवाने के निर्देश दिए गए। एडीसी ने मॉडल टाउन में ग्रीन बेल्ट पर हो रहे कब्जे को हटवाने के भी निर्देश दिए। गांव भाड़ावास के किसानों की फसल खराब मुआवजा से संबंधित शिकायत पर एडीसी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को बीमा कंपनी से मुआवजा दिलवाने के निर्देश दिए।






टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट

बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज है?



## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगा: सुभान खान

**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *






## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगा: सैयांश गुप्ता

**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'

सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**








## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिले: हरीति जोशी

**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक


कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

# सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धि:** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणा:** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वी:** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।




एआई इमेज



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

# नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंने कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।


हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तक:** हारिए न हिम्मत, **लेखक:** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



प्रियांशु, रायपुर



ईशान, ई-मेल से



सूर्यांश, बिलासपुर



पराग, ई-मेल से

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### शिकायत का गंभीरता से निपटान करें : नगराधीश

**नारनौल।** जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में लघु सचिवालय में नगराधीश डा. मंगल सेन ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 68 शिकायतें आई, जिनमें अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया। डॉ. मंगल सेन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत का पूर्ण गंभीरता के साथ निपटान करें।

### युवा महोत्सव में रहा बेहतर प्रदर्शन

**नांगल चौधरी।** मीरपुर यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार आरपीएस स्कूल बलाना में युवा महोत्सव कार्यक्रम में शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। प्राचार्य डॉ. अनिल यादव ने विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### युवा महोत्सव झूमर-2025 का समापन, खूब दिखाई प्रतिभा

# बलाना का आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज चैम्पियन, डिग्री कॉलेज रनर-अप रहा

**पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थियों का सात मंचों पर जोरदार प्रदर्शन**

विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि दी गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजेता टीम ट्रॉफी के जश्न मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विभिन्न कॉलेजों से आए इन प्रतिभागियों ने 46 इवेंट्स प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे यह युवा महोत्सव भारतीय व हरियाणवी संस्कार व धरोहर को दर्शाने वाला एक भव्य मंच सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. आरएस यादव, प्रिसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

क्लासिकल डांस में प्रथम आरपीएस इजि. कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटिकरा, ग्रुप सॉग इंडियन प्रथम आरपीएस डिग्री कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय नारनौल, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़, चतुर्थ राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़, हरियाणवी रागनी शोलो प्रथम राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, द्वितीय आरपीएस इंजि. कॉलेज, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ राजकीय महाविद्यालय नारनौल, वन-एक्ट-प्ले प्रथम आपीएस इंजि. कॉलेज, द्वितीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज, चतुर्थ राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, हिन्दी कविता प्रथम आरपीएस इंजि कॉलेज, द्वितीय वैद्यनाथ चौधरी राजकीय महिला महिद्यालय, इस प्रकार तीन दिन तक 46 प्रतियोगिता ने विभिन्न महाविद्यालयों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया जिसमे आरपीएस इंजि. कॉलेज बलाना 17 प्रतियोगिता में प्रथम रहा।

### युवाओं को नई पहचान दी : प्रो. दिलबाग सिंह

मुख्यातिथि प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव झूमर की अभूतपूर्व सफलता और आरपीएस कॉलेज को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिलने पर वह अत्यंत हर्षित है। यह केवल एक जीत नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट सांस्कृतिक निष्ठा का प्रमाण है। प्रो. करण सिंह बताया कि तीन दिवसीय युवा महोत्सव में आरपीएस कॉलेज प्रबंधन समिति ने युवाओं को नई पहचान दी है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा यह विजय वास्तव में हमारे विद्यार्थियों के उत्साह, प्रेरणा और संस्कार की विजय है। विश्वविद्यालय युवा महोत्सव कॉलेज विद्यार्थियों के लिए उत्साह, प्रेरणा और संस्कार पैदा करने का उचित मंच है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। हमारे विद्यार्थियों ने जो समग्र प्रदर्शन किया है, वह उत्कृष्ट है। उन्होने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई दी तथा बताया कि हमें लम्बी उड़ान भरने के लिए सदा सकारात्मक सोच मन में रखनी चाहिए। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने बताया कि तीन दिवसीय झूमर युवा महोत्सव का सफल समापन और आरपीएस कॉलेज का चैंपियन बनना हमारे लिए एक अविस्मरणीय पल है। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने बताया कि जिन्होंने झूमर महोत्सव को एक ऐतिहासिक सफलता दिलाई। उन सभी का तीन दिवसीय इस युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतिभागी को विशेष सुविधाएं व व्यवस्थाएं दी गई। डीन प्रो. आरएस यादव ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान कला और शिल्प प्रतियोगिताओं का माहौल भी बेहद उत्साहपूर्ण रहा, जिसने विद्यार्थियों को रचनात्मकता को एक मूर्त रुप देने का अवसर दिया।

**नागरिकों से पहुंचने का किया आह्वान**

## महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह को लेकर विधायक ने ली बैठक


**नारनौल।** जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** विधायक ओम प्रकाश यादव ने रेस्ट हाउस में नई अनाज मंडी में 16 नवंबर को होने वाले राज्य स्तरीय महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह की तैयारीयों को लेकर सभी पार्षदों व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस मौके पर नगर परिषद की चेयर पर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद थी। विधायक ने कहा कि 16 नवंबर को नई अनाज मंडी नारनौल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी पार्षदों से आह्वान किया कि वे इस मौके पर अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि यह बड़ा कार्यक्रम है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से नागरिकों का आगमन होगा।

## आईआरएस अधिकारी ने खटोटी कलां में लगाया निःशुल्क शिविर

- 70 मरीजों को ऑपरेशन के चिन्हित 150 चश्मे वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** शिविर में जांच कराते मरीज। फोटो : हरिभूमि

दिवंगत सूबे सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके आईआरएस पुत्र मनोज यादव की तरफ से खटोटी कलां में मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दिवंगत के बड़े भाई रघुवीर सिंह और छोटे भाई मोहर सिंह ने किया। शिविर में महात्मा गांधी हॉस्पिटल जयपुर के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों के अलावा मिश्री देवी नेत्र अस्पताल सहित विभिन्न ने मरीजों की जांच की गई। शिविर में आंखों के 500 मरीजों की जांच के अलावा 70 मरीजों को ऑपरेशन के चिन्हित, 150 चश्मे वितरित किए गए। शिविर में ईएनटी के 100, स्त्री व बाल रोग के 25, हड्डी रोग 155 मरीजों की जांच की गई। मनोज यादव ने कहा कि वह चाहते हैं कि जिस गांव में जन्म लिया है वहां के लोग स्वास्थ्य रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के प्रशासक व निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** डीसी से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के पूर्व प्रधान सुन्दर लाल जोरासिया ने की। बैठक में संस्था की वर्तमान स्थिति और प्रशासनिक अनियमितताओं पर गंभीर चर्चा की गई। इसके बाद उन्होंने डीसी को एक ज्ञापन भी दिया। पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया ने कहा कि संस्था में लंबे समय से नियुक्त प्रशासक ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निर्माण कार्यों में अत्यधिक रुचि दिखाई है, जबकि 23 मई 2025 की महानिदेशक चंडीगढ़ की अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि प्रशासक की भूमिका केवल संस्था की नियमित प्रशासनिक गतिविधियों तक सीमित है। उन्होंने आदेश में यह भी बताया गया कि अधिसूचना के अनुसार किसी भी संस्था का प्रशासक का कार्यकाल अधिकतम छह माह का होता है, यदि वह इस अवधि में चुनाव कराने में असफल रहता है तो उसका कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता, किंतु वर्तमान प्रशासक डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति में दो वर्षों से अधिक समय से पद पर बने हुए हैं।

### चुनाव कराए जाएं

लोगों ने कहा कि जिला रजिस्टर द्वारा नियुक्त प्रशासक ने अपने कार्यकाल के दौरान एक एडहॉक समिति गठित की है, जबकि एचआरआरएस एक्ट 2012 के अनुसार या तो प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है या एडहॉक समिति दोनों एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने मांग की है कि सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के वर्तमान प्रशासक एवं निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच कराई जाए। साथ ही संस्था में शीघ्र नए प्रशासक की नियुक्ति कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराए जाएं।

### डॉ. ओमप्रकाश की मनोवैज्ञानिक विषय पर पुस्तक प्रकाशित

**नारनौल।** संस्कृति इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी अमरपुर जोरासी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. ओमप्रकाश इंदिरा कॉलोनी ने अपने शोध पर आधारित मनोविज्ञान विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि के पश्चात अपनी प्रथम पुस्तक ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का मनोवैज्ञानिक विकास प्रकाशित की गई।

यह पुस्तक असोसिएटेड पब्लिशिंग हाउस आगरा के माध्यम से पब्लिश करवाई है। जिसमें उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के मनोवैज्ञानिक विकास और उसमें आने वाली बाधाओं के बारे में बताया है। उन्होंने अपनी प्रथम बुक के प्रकाशन का श्रेय अपने पिता राजपाल वर्मा, माता ईश्वर देवी, भाई धीरज, धर्मपत्नी ममता के साथ-साथ पूरे संस्कृति कॉलेज के अध्यक्ष विनोद चौधरी लीलावती देवी, प्रिंसिपल डॉ. सुनीता सांगवान, डॉ. केके सैनी जी के साथ-साथ पूरे स्टाफ सदस्य को दिया है, जिनके उचित मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

## मित्रपुरा में घोड़ा बग्गी पर बैठाकर निकाला लड़कियों का बनवारा


**मंडी अटेली।** घोड़ा बग्गी पर बैठाकर लड़कियों बनवारा निकालते हुए परीजन।

- पिता बोले बेटियों के प्रति समाज में फैली कुरितियों होगी खत्म

**मंडी अटेली।** आज के समय में हम दिन-प्रतिदिन आधुनिकता की और अग्रसर होते जा रहे है, हमारे पूरे हिंदुस्तान में सभ्यता और संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलती है। इसी तरह की मिसाल गांव मित्रपुरा के सुरेश कुमार खोवाल ने बेटा-बेटी के फर्क को दूर करने के लिए व लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक करने के लिए अपनी दोनों बेटी का बनवारा बैंड-बाजों के साथ घोड़ी बग्गी गांव में निकाला। इस मौके पर लड़कियों के दादा बिजली विभाग से सेवानिवृत भुरूमल खोवाल ने बताया किआज के समय बेटियां बेटों से बिल्कुल कम नहीं है। शिक्षा, सेना व खेल के क्षेत्र के साथ-साथ, अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी लड़कियों का विशेष योगदान है। अब समय बदल गया और बेटा व बेटी को एक समान सम्मान दिया जाने लगा है। लड़की के चाचा एडवोकेट सुनील कुमार ने बताया कि बताया कि अब लड़का और लड़की के बीच भेदभाव की पुरानी परंपराएं समाप्त हो रही हैं।

## नंबरदार अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन


**महेंद्रगढ़।** बैठक करने के बाद मौजूद नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** तहसील प्रांगण में वीरवार को नंबरदार एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता तहसील प्रधान नंबरदार राजवीर नांगल चौधरी ने की। जिला प्रधान नंबरदार राजकुमार जांगड़ा ने बताया कि 16 नवंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारनौल आ रहे हैं। इसलिए डीसी से नंबरदार अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए अनुमति लेने के लिए डीसी से मुलाकात की। डीसी ने आश्वासन दिया है कि आपका ज्ञापन देने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए इजाजत देने का आश्वासन दिया और कहा कि आपका मांग पत्र मुख्यमंत्री समक्ष रखा जाएगा। आपको दो या तीन नंबरदार स्टेज पर जाकर अपना मांग पत्र देंगे व मुख्यमंत्री का मान सम्मान देकर स्वागत करेंगे। इस मौके पर अनार सिंह नंबरदार, धर्मपाल नंबरदार पायगा, बनवारी लाल नंबरदार, फूल सिंह नंबरदार, मक्खन लाल नंबरदार, मांगेराम नंबरदार, रोहताश नंबरदार, बालमुकुंद नंबरदार, सूरत सिंह नंबरदार, जयवीर नंबरदार, कैलाश मौजूद रहे।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की बेटियों की शादियों में सहयोग दे रही मुख्यमंत्री शगुन योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजनों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। डीसी ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति-टपरीवास जाति के लाभार्थियों की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, तलाकशुदा, निराश्रित, अनाथ एवं निराश्रित बच्चों की शादी के लिए 51,000 रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 की अनुदान राशि दी जाएगी।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

**रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी**
**सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005**

## खबर संक्षेप



### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के विजेता सम्मानित

**कोसली।** शहीद जीतराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में आयोजित खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में आरएमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहड़ की छात्रा पलक ने प्रथम स्थान व जयेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### युवक पर चाकू से हमला दो पर केस दर्ज

**कोसली।** टूमना गांव के एक युवक ने गांव के ही एक युवक व उसके साथी पर रंजीशन चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विक्रांत ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने दोस्त मनीष व देवेन्द्र के साथ देवेन्द्र की मोटरसाइकिल को ठीक कराने गांव के बस अड्डा पर स्थित दुकान पर गए थे। वहां पर संदीप व सोहेल पहले से मौजूद थे। संदीप ने अचानक पीछे से से अपने हाथ में लिए चाकू से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई।

### दुकान से मोबाइल फोन चोरी कर ले गया युवक

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र के मुख्य तिराहे पर स्थित एक मोबाइल दुकान पर ग्राहक बनकर आया एक युवक मोबाइल चोरी कर ले गया। दुकानदार सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार शाम झाल गांव निवासी एक युवक कृष्ण कुमार दुकान पर मोबाइल फाईनैंस कराने के लिए आया। वह उसे कल आने की कहकर अपने काम में व्यस्त हो गए। कृष्ण कुमार ने काउंटर पर रखा एक आईफोन मोबाइल चुरा कर अपनी जेब में डाल लिया ओर चला गया।

# चूरू-सादुलपुर रेलखंड के अस्लु, दूधवाखारा और सिरसला स्टेशनों पर बन रहा सब-वे

## रेल सेवाएं आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेगी

- स्टेशनों पर सब-वे निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है
- यह जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से चूरू-सादुलपुर रेलखंड के अस्लु, दूधवाखारा व सिरसला स्टेशनों पर सब-वे निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार रेलसेवा 17 नवंबर से 24 नवंबर तक, 3 दिसंबर से 10 दिसंबर तक तथा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक बीकानेर से प्रस्थान करके रतनगढ तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा रतनगढ-हिसार के मध्य आंशिक रद रहेगी।

गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 18 नवंबर से 25 नवबंर तक 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक व 20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक हिसार के स्थान पर रतनगढ से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू रेलसेवा 17 नवंबर से 24 नवंबर तक, 3 दिसंबर से 10 दिसंबर तक तथा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना रेलसेवा 18 नवंबर से 25 नवंबर तक, 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक व 20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी।



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### ये रेलसेवाएं रहेंगी मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 20497 रामेश्वरम-फिरोजपुर रेलसेवा 18 नवंबर व 2 दिसंबर को रामेश्वरम से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग सीकर, लोहारू, सादुलपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नवलगढ, झुंझुनू, चिड़ावा व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### यह रेलसेवा सादुलपुर- बीकानेर के मध्य आंशिक रद रहेगी

*गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 18 नवंबर से 25 नवंबर तक व 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक रेवाड़ी से प्रस्थान करके सादुलपुर तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा सादुलपुर- बीकानेर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 18 नवंबर से 25 नवंबर तक व 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार रेलसेवा 17 नवंबर से 24 नवंबर तक व 3 दिसंबर से 10 दिसंबर तक जोधपुर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 18 नवंबर से 25 नवंबर तक व 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी।*



रेवाड़ी। रामगढ भगवानपुर में धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों का संघर्ष जारी

- समिति की ओर से मुख्यमंत्री को सकारात्मक आश्वासन देने पर आभार प्रकट करते हुए पत्र भेजा गया है
- मंच संचालन हनुमंत उर्फ पिलानी रामगढ ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ भगवानपुर में सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर चल रहा धरना वीरवार को 150वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक और संरपच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि समिति की ओर से मुख्यमंत्री को सकारात्मक आश्वासन देने पर आभार प्रकट करते हुए पत्र भेजा गया है, जिसमें निवेदन किया गया है कि एनएच-71 के पास भगवानपुर की पंचायत जमीन को स्वास्थ्य विभाग के नाम करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। क्योंकि अस्पताल निर्माण के लिए पहले जमीन स्वास्थ्य विभाग के नाम होना जरूरी है। 11 नवंबर को संघर्ष समिति के सात सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात की थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग को जल्द पूरा करने का पूर्ण भरोसा दिया था। मंच संचालन हनुमंत उर्फ पिलानी रामगढ ने किया। इस मौके पर अनेक गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

# भगवान श्री कृष्ण ने सृष्टि और मानव के कल्याण के लिए दिया गीता का ज्ञान : डा. धर्मवीर

- डा. रितु चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में योग स्नातकोत्तर की तीन दिवसीय व्याख्यान कार्यशाला का वीरवार को समापन हो गया।

कार्यशाला के प्रथम दिन का शुभारंभ प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने किया। प्राचार्या ने कहा कि योग न केवल शारीरिक व्यायाम है, बल्कि मन और आत्मा को जोड़ता है। स्टाफ सचिव डा. सुनीता यादव ने कहा कि योग से ही जीवन में सुख शांति रहती है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डा. सीमा यादव असिस्टेंट प्रोफेसर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने छात्राओं को हठयोग के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला के दूसरे दिन डा. नितिन योगाचार्य आरोग्यम वैलनेस सेंटर नारनौल ने स्केलेटन सिस्टम जॉइंट्स एंड योगिक इफेक्ट्स पर व्याख्यान दिया। तीसरे दिन वीरवार को कार्यशाला का संचालन डा. धर्मवीर यादव असिस्टेंट प्रोफेसर आईजी मीरपुर व उनकी टीम ने किया। डा. धर्मवीर ने भगवत गीता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।



रेवाड़ी। कार्यशाला में अतिथियों व शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं का मार्गदर्शन किया

उन्होंने कहा कि भगवत गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से गीता का ज्ञान सृष्टि और मानव के कल्याण के लिए दिया था, जो वर्तमान में सभी की जरूरत है। इस मौके पर इंडियन योगिनी एसोसिएशन की हरियाणा राज्य प्रभारी और त्रिपुरा निवासी डा. अमोली कर्मकार, जिला झज्जर प्रभारी डा. ममता लांबा, डा. अंशु यादव व रेवाड़ी प्रेसिडेंट सरिता यादव ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डा. सुचेता यादव ने मंच संचालन किया। डा. रितु चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर योग स्नातकोत्तर कमेटी के सदस्य राजकुमार, डा. योगेश व सरिता यादव उपस्थित थे।

# लघु सचिवालय सभागार में पराली प्रबंधन प्रगति पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से पराली प्रबंधन प्रगति पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 10 दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिये जिला प्रशासन कड़ी निगरानी रखे ताकि पराली जलाने की घटना न हो सकें।

एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि जिले में 1818 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 5377 एकड़ में धान फसल का रजिस्ट्रेशन कराया है। जिले में धान कटाई कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है व किसान सुपर सीडर व जीरो टील सीड ड्रील सहित आधुनिक कृषि यंत्रों से पराली प्रबंधन करते हुए गेहूं की बिजाई कर रहे है। जिले में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी व रोकथाम के लिए 121 नोडल अधिकारी तैनात किए गए है। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए त्रि-आयामी रणनीति अपनाई गई है, जिसमें पराली का इन सीटू, एक्स-सीटू और पशु चारे के रूप में उपयोग किया जा रहा है। सीआरएम स्कीम के तहत किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर कृषि विभाग से सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा, तकनीकी सहायक डा. मनोज कुमार तथा इंजी. सुनील कुमार कृषि विकास अधिकारी कृषि यंत्र मौजूद थे।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद एडीसी व कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# रेजांगला शौर्य दिवस समारोह 18 को, होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेजांगला युद्ध की 63वीं बरसी पर आयोजित होने वाले रेजांगला शौर्य दिवस समारोह का इस वर्ष अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर ने सौजन्य प्रदान करने का ऐलान किया। वीरवार को रेजांगला युद्ध स्मारक पर आयोजित बैठक में समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। राव केहर सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 18 नवंबर को प्रातः 9 बजे महात्मा यश देव और रामकृष्ण शास्त्री के सानिध्य में वैदिक आश्रम टीम की ओर से हवन करने तथा वीर नारी, मेधावी बालिका व शूरवीरों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इलाके की वीर नारियों और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रेजांगला युद्ध के जीवित योद्धा हवलदार निहाल सिंह सेना मेडल, कप्तान रामचंद्र और हवलदार गजे सिंह बेवल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, डीसी अभिषेक मीणा, डा. अशोक यादव अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर, ब्रिगेडियर करतार सिंह उपाध्यक्ष महासभा, ब्रिगेडियर देवेंद्र यादव सेना मेडल, कमांडेंट अशोक कुमार यादव 28 बटालियन आईटीबीपी, सुरेंद्र सिंह राव पूर्व निदेशक एनडीएमसी, डीपी ओपी यादव व राव धर्मपाल अध्यक्ष हरियाणा महासभा को आमंत्रित किया गया है।



रेवाड़ी। रेजांगला स्मारक पर आयोजिक बैठक में मौजूद गणमान्य लोग।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डा. अशोक यादव, ब्रिगेडियर करतार सिंह, राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत, प्रिंसिपल सतबीर सिंह यादव, जगमोहन यादव, कैप्टन चंदगी राम, कैप्टन चंदन सिंह, सूबेदार मेजर धर्मदेव यादव, सूबेदार मेजर सुखबीर यादव, हवलदार गजराज सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, एडवोकेट नरेश कुमार यादव, सूबेदार कृष्ण कुमार, एडवोकेट दीवान सिंह, एडवोकेट नितिन यादव व एडवोकेट मनु प्रिया यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। रेवाड़ी को प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी भेंट करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### रेवाड़ी की टीम ने कल्चरल फेस्ट में राज्य स्तर पर लहराया सफलता का परचम

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी जिले ने राज्य स्तरीय कल्चरल फेस्ट में स्किट तथा सोलो डांस में जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सोलो डांस में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका तथा स्किट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी की टीम ने हरियाणा भर में अव्वल रहकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिले के कल्चरल फर्स्ट के नोडल अधिकारी तथा जिला गणित विशेषज्ञ अशोक नामवाल बताया कि 11 से 13 नवंबर तक पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय मुकाबले में रेवाड़ी जिले ने सभी वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा सोलो डांस व स्किट में प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए जिले को बधाई दी। कल्चरल फेस्ट में उपलब्धि के लिए डीपीसी राजेंद्र शर्मा, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, स्कूल अधिकारी संगठन के अध्यक्ष डा. दुष्यंत यादव ने सभी प्रतिभागियों तथा प्रभारियों को बधाई दी है।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम ने स्कूलों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बावल।** एसडीएम बावल मनोज कुमार ने वीरवार को बावल उपमंडल के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालयों के अध्यापकों और विद्यार्थियों से बातचीत कर फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम मनोज कुमार ने राजकीय उच्च विद्यालय, बगथला व राजकीय उच्च विद्यालय, आसलवास का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों में किसी भी प्रकार की खामियां नहीं पाई गई। उन्होंने स्कूलों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए निरंतर पढ़ाई करने को लेकर जागरूक किया। वहीं खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कोसली कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**कोसली।** कोसली के राजकीय महाविद्यालय परिसर में 14 नवंबर को 12वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कोसली के विधायक अनिल यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लाजवंती कौशल ने कॉलेज परिसर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों की अलग-अलग सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर दौड़, रिले रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो व खो-खो स्पधाएं कराई जाएंगी। प्रतियोगिता के समापन पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. ज्योति यादव विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर किया कविता पाठ



**रेवाड़ी।** अहीर कॉलेज में वीरवार को गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी दिवस की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में देशभक्ति और त्याग की भावना जागृत करने के लिए व्याख्यान तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन हमे सच्चाई और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। मुख्य वक्ता डा. जयभगवान यादव ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, आदर्शों और उनके अद्वितीय बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रेनू यादव व डा. कविता यादव ने किया। विद्यार्थियों ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान, साहस और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए किए गए योगदान पर कविताएं प्रस्तुत की। कविता पाठ में दीप्ति ने प्रथम, चंचल ने द्वितीय तथा पंकज व दक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. साक्षी यादव, प्रो. ईशा यादव, प्रो. मोनिका व नरेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### एडीआर सेंटर में 17 को होगा जागरूकता कैंप



**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि 17 नवंबर को जिला एडीआर सेंटर में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत जागरूकता कैंप लगाया जाएगा, जिसमें सभी वरिष्ठ नागरिक अपने अधिकारों के बारे में कानूनी जानकारी ले सकते हैं। सीजेएम वर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

### छात्राओं ने चेस और योग टूर्नामेंट में जीते पदक



**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अंडर-11 एसजीएफआई के योगा एवं चेस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 9 नवंबर तक अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल रोहतक में किया गया। विद्यालय की कक्षा-4 की छात्रा हिमांशी ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और अद्भुत रणनीतिक सोच का परिचय देते हुए चेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। वहीं कशिश यादव ने योगा में रजत पदक हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने दोनों विजेता छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

# दक्षिणी हरियाणा की जनता ने बनाया विधायक : आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि उन्होंने अपने पिता राव इंद्रजीत सिंह के कहने पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अटेली हलका चुना था। उन्हें चुनाव जिताने के लिए पूरे दक्षिणी हरियाणा के हलकों से लोग वोट मांगने के लिए अटेली पहुंच गए थे। दक्षिणी हरियाणा की जनता ने उन्हें विधायक बनाया और उन्हीं के आशीर्वाद से वह मंत्री बनी हैं। आरती राव धारूहेड़ा व बावल क्षेत्र में अपने समर्थकों के बुलावे पर चाय पर चर्चा करने के लिए पहुंची थीं, लेकिन यह कार्यक्रम जनसभाओं में बदल गए। इस अवसर पर आरती राव के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य व भाजपा नेता अनिल रायपुर, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा, धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मूसेपुर, छत्रपाल टिंकू, दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम मनोहर लाल के साथ छत्तीस का आंकड़ा, नायब सरकार बनने के बाद भी राव दिखा चुके तेवर

# खत्म हो रही केंद्रीय मंत्री की तल्खी, मांगों पर भी सकारात्मक जवाब

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस में रहते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ लगातार छत्तीस का आंकड़ा रखने वाले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रदेश के सीएम को लेकर नजरिए में बदलाव नजर आने लगा है। भाजपा में आने के बाद पूर्व सीएम मनोहर लाल के साथ भी राव के मतभेद खत्म नहीं हुए थे। हाल ही में सीएम नायब सिंह सैनी के साथ हुई बैठक के बाद यह नजर आ रहा है कि राव और सीएम के बीच सही तरीके से पटरी बैठना शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पूर्व में अपनी ही पार्टी की प्रदेश सरकार पर निशाना साधने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने पहले हुड्डा के शासनकाल में रहते हुए तत्कालीन सीएम को जमकर निशाने पर रखा। भाजपा में शामिल होने के बाद जब मनोहर लाल पहली बार सीएम बने, तो कुछ समय बाद ही राव ने उन पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। परिणाम यह हुआ कि मनोहर लाल ने राव को सीएम पद पर रहते हुए कभी तवज्जो नहीं दी। वर्ष 2019 में दूसरी बार सीएम बनने के बाद तो मनोहर लाल ने दक्षिणी हरियाणा में भाजपा के उन नेताओं को वजनदार बनाने के पूरे प्रयास किए, जो राव के विरोध की राजनीति पर आगे बढ़ रहे थे। जिन नेताओं के राव के साथ मतभेद बने हुए थे, उन्हें मनोहर सरकार में पूरा 'भाव' दिया गया। मनोहर लाल ने राव के विरोध में बोलने की हिम्मत करने वाले भाजपा नेताओं को खुलकर गले से लगाया, जो राव उनके समर्थकों को कभी रास नहीं आया। विधानसभा चुनावों से लेकर निगम चुनावों तक में अहीरवाल में टिकट वितरण को लेकर मनोहर लाल का पूरा हस्तक्षेप रहा, जबकि कामयाबी राव खेमे के खाते में लिखी जा रही।



रेवाड़ी। बैठक में सीएम नायब सैनी के साथ राव इंद्रजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व सीएम के प्रति नहीं रहे 'मनोहर'

*राव के तेवरों में पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रति नरमी नहीं देखी जा रही है। वह कुछ समय पहले भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए दावा कर गए थे कि नायब सिंह सैनी के सीएम रहते हुए भी अधिकारी पूर्व सीएम के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। बेटी आरती राव के प्रदेश सरकार में प्रभावी मंत्री होने के बावजूद राव की बेबाकी में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने मौका मिलते ही सरकार पर निशाना साधने में कोई कमी नहीं छोड़ी।*

### एम्स को लेकर सकारात्मक जवाब

*हाल ही में सीएम नायब सिंह सैनी के साथ बैठक में राव की ओर से माजरा एम्स की जैसलमेर हाइवे से ओवरब्रिज के जरिए कनेक्टिविटी की मांग रखी गई, जिसे सीएम ने तुरंत मान लिया। उनकी गुरूग्राम से लेकर अहीरवाल के दूसरे क्षेत्रों की मांगों पर भी सीएम पूरी तरह सकारात्मक नजर आए। इस बैठक के बाद ही यह साफ हो गया कि आने वाले समय में राव का दृष्टिकोण भी प्रदेश सरकार और सीएम के प्रति सकारात्मक बना रह सकता है।*